HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Sixth Session)

Questions For Written Answers

Tuesday, 20th August, 2019/29th Shravan, 1941(Saka)

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Education Minister - Urban Development Minister - Agriculture Minister - Health and Family Welfare Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Industries Minister - Forest Minister and Social Justice & Empowerment Minister].

Total No. of Questions - 23

Sewerage Schemes

295 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state what is the latest position of DPRs for sewerage schemes of Kalpa, Kothi and Kamru under I&PH Division Reckong Peo?

Traffic Tunnel

296 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state why the construciton of traffic tunnel on Nigul Sari-Taranda link Road halted?

Funds Allocation

297 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that during the last three years upto 31.07.2019, how much funds were allocated under Non Plan to I&PH Division Pooh and Reckong Peo; details of works undertaken with amount year-wise be given?

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

298 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक प्रदेश में प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों एवं बागवानों द्वारा बीमा कम्पनी को कितना प्रीमियम दिया गया और किसानों एवं बागवानों को मुआवजे (claim) के तौर पर कितनी धनराशि प्रदान की गई; वर्षवार ब्यौरा दें?

सौभाग्य योजना

299 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में ऐसे कितने घर हैं जो अभी तक बिजली आपूर्ति से वंचित(left out houses) हैं; और

(ख) प्रदेश में केन्द्रीय प्रायोजित 'सौभाग्य योजना' कब प्रारंभ की गई और इस योजना के तहत प्रदेश में कितने left out houses को लाभ मिला है; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

Institute Management Committee

300 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा किन शिक्षण संस्थानों में IMC (Institute Management Committee) का गठन किया गया है; इन संस्थानों के नाम, मनोनीत कमेटी के अध्यक्ष व

सरकारी/गैर-सरकारी सदस्यों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें; इसके गठन के क्या उद्देश्य हैं तथा इसका कार्यकाल कितना होगा;

(ख) मनोनीत कमेटी के क्या कार्य हैं व इनको क्या भत्ते दिए जाते हैं; 01 जनवरी, 2018 से 31.07.2019 तक इनके भत्तों पर सरकार द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ग) क्या IMC के सदस्यों के लिए SMC की तर्ज पर उनके बच्चों हेतु इन संस्थानों में दाखिला होने की शर्त अनिवार्य है?

ओ0बी0सी0 हॉस्टल

301 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) के कैंपस में निर्मित ओ0बी0सी0 हॉस्टल को बनाने में किस मद से कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इस भवन का रख-रखाव किसके द्वारा किया जा रहा है;

(ख) इस हॉस्टल को किस एजेंसी द्वारा चलाया जा रहा है;

(ग) इस निर्मित आवास की ज़मीन को नियमों के अनुसार स्थानांतरित किया गया है; यदि हां, तो किसके नाम; और

(घ) गत तीन वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक इस आवास में ओ0बी0सी0 के कितने छात्र व छात्राओं ने आवास सुविधा का लाभ प्राप्त किया है; ब्यौरा वर्षवार दें?

नए रूटों पर बसें

302 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने नए रूटों पर सरकारी बसें चलाई गईं; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) उन सभी रूटों पर बसें चलाने के लिए परमिट प्रदान किए गए थे; और

(ग) इन रूटों पर वर्तमान में भी बसें चलाई जा रही हैं; यदि नहीं, तो कारण?

बूसल-थाना बडग्रां रोड

303 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बूसल-थाना बडग्रां रोड का कार्य कब अवार्ड हुआ था; पुल व सम्पर्क मार्ग का कार्य कितना पूर्ण हुआ है; और

(ख) लोक निर्माण विभाग का कौन सा मंडल इस कार्य को कर रहा है; यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

पुल की अद्यतन स्थिति

304 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि Shishara व Barsheel पुलों तथा Barsheel व तांगणु-जंगलीक सड़कों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

ठेकेदारों को आवंटित कार्य

305 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू वृत्त के अन्तर्गत ऐसे कितने ठेकेदार हैं जिन्हें तीन से अधिक कार्य आवंटित हैं और लम्बित हैं; विभाग द्वारा उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ठेकेदारों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

कार्य का आवंटन

306 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू वृत्त के अन्तर्गत ऐसे कितने ठेकेदार हैं जिन्हें 5 से अधिक कार्य आवंटित हैं और लम्बित हैं; विभाग द्वारा उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ठेकेदारों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

Kandaghat Hospital

307 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state what is the latest position of the construction work of 50 bedded hospital at Kandaghat?

दवाइयों की आपूर्ति

308 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षो में दिनांक 31.07.2019 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न अस्पतालों में दवाइयों की कितनी-कितनी आपूर्ति की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) इन अस्पतालों में मरीजों को दवाइयों की आपूर्ति न होने के क्या कारण है?

होमगार्ड की नियुक्ति

309 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत होमगार्ड कम्पनी में कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त पड़े हैं?

पशु औषधालय

310 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय हैं; नाम व स्थान सहित ब्यौरा दें;

(ख) इन पशु औषधालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) इन औषधालओं के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा कितनी व्यय की गई है; ब्यौरा दें?

पर्यटन को बढ़ावा

311 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)** :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ईको जागरूकता एवं सूचना केंद्र स्वारघाट का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है और कितनी शेष है; ब्यौरा दें;

(ख) जिला बिलासपुर में पर्यटन की दृष्टि से किन-किन स्थानों का चयन किया गया है; और

(ग) गत वर्ष दिनांक 31-07-2019 तक पर्यटन विभाग द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

स्पोर्ट्स हॉस्टल

312 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने स्टेडियम हैं तथा कितने स्पोर्ट्स हॉस्टल हैं;

(ख) इन में कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) इन हॉस्टल में सरकार द्वारा खिलाड़ियों को क्या सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं?

सड़क निर्माण

313 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण विभाग बिलासपुर मंडल-II के अन्तर्गत स्वारघाट तथा श्री नैना देवीजी उप-मंडल के अन्तर्गत प्रस्तावित भटेड़–कनफारा, खरकड़ी–भटेड़, एस0 एल0 वी0 रोड़ खाल-टिब्बा तथा दौलाधार सड़कों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

सांडों द्वारा हमले

314 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक प्रदेश के विभिन्न शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सांडों द्वारा लोगों को मारने तथा जानलेवा हमलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है; और

(ख) यदि हां, तो इस अवधि में कितने मामले सरकार के ध्यान में आए तथा कितनी आर्थिक सहायता दी गई और सरकार इस समस्या से निपटने हेतु क्या पग उठा रही है?

Contract Period

315 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many teachers of various categories have completed three years of contract period upto March 2018; and

(b) is there any case pending in the Supreme Court; if yes, how many teachers are affected?

Filling up of Vacant Posts

316 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state how many posts of SDOs and JEs are lying vacant in Rampur Public Works Division; by when these posts will be filled up?

Vacancy Position

317 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state how many posts of different categories are lying vacant in GSS, High & Primary Schools in Rampur Constituency; by when these posts will be filled up?

Shimla : 171004. **Yash Paul Sharma,**

Dated: 3rd August, 2019. **Secretary.**